उत्तर रेलवे

रेलवे रिक्रूटमेंट सैल

लाजपत नगर - 1, नई दिल्ली - 110024

वेबसाइट : www.rrcnr.org

(रोजगार सूचना सं.-220-ई / ओपन मॉर्किट / आरआरसी / 2012)

शुद्धि-पत्र

रोजगार अधिसूचना सं. **220ई/ओपन मार्केट/आरआरसी/2012** दिनांक **30.08.2012** द्वारा वेतन बैंड **5200-20200 रु.** में **ग्रेड वेतन 1800 रु.** के साथ **7368** रिक्तियों को भरना।

विषयः- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.01.2013 तक बढ़ाने के सम्बन्ध में

1. अब निम्नलिखित संशोधित मानकों के अनुसार शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) आयोजित किए जाएंगे :–

आवेदक	रोजगार अधिसूचना सं. 220ई/ओपन मार्केट/आरआरसी/2012 दिनांक 30.08.2012 के अनुसार मूल मानदंड (पैरा नं. 7.7)	शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) के लिए संशोधित मानदंड
पुरुष	एक बार में 6 मिनट में 1500 मीटर की दूरी तक दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।	एक बार में 4 मिनट और 15 सेकेंड में 1000 मीटर की दूरी तक दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।
महिला	एक बार में 3 मिनट में 400 मीटर की दूरी तक दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।	एक बार में 3 मिनट और 10 सेकेंड में 400 मीटर की दूरी तक दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।

2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **14.01.2013 तक बढ़ाई जाती है।**

3. जिन प्रत्याशियों ने उल्लिखित विज्ञापन सं. 220ई/ओपन मार्केट/आरआरसी/2012 दिनांक 30.08.2012 एवं 15.11.2012 के क्रम में पहले ही आवेदन कर लिया है उन्हें दोबारा आवेदन की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अपने आप ही पीईटी के संशोधित मानदंडों में सम्मिलित माना जाएगा।

4. नए प्रत्याशी जो पीईटी के संशोधित मानकों के अनुसार आवेदन करने के इच्छुक हैं वे उपरोक्त विज्ञापन में दिए गए विवरणों के अनुसार आरआरसी कार्यालय में अपने आवेदन भेज सकते हैं। निर्दिष्ट प्रपत्र में भरे गए आवेदन के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की प्रतियां विधिवत संलग्न करते हुए **सहायक कार्मिक अधिकारी/आरआरसी रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, लाजपत नगर-I, नई दिल्ली-110024 के पास 14.01.2013 को 17.00 बजे तक** और असम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर, लाहौल और स्पीति जिलों, पणजी, हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिला के सब–डिविजन, अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूहों के निवासियों के लिए यह तिथि **30.01.2013** को **17.00 बजे** तक है।

5. आवेदन प्रपत्र और अर्हता, आयु सीमा आदि के अन्य विवरणों के लिए कृपया **15.09.2012** के इम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार देखें या आरआरसी वेबसाइट **www.rrcnr.org** देखें।

6. कृपया परीक्षा शुल्क बैंक के माध्यम से जमा करें।

7. अधिसूचना की अन्य शर्तें और निबंधन यथावत रहेंगी।

सहायक कार्मिक अधिकारी/आरआरसी

2810/2012

सभी आरक्षित श्रेणी टिकटों पर यात्रा करने वाले रेलयात्री, यात्रा के दौरान अपनी पहचान के निर्धारित फोटो युक्त प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य रखें। इससे वास्तविक यात्रियों को लाभ होगा तथा टिकटों की काला बाजारी और दुरूपयोग की रोकथाम होगी।